भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2116

15 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

सशस्त्र बलों द्वारा बचाव कार्य

2116. श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री जनार्दन मिश्राः
कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेलः
श्री गोपाल जी ठाकुरः
श्री एंटो एंटोनीः
श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः
श्री प्रताप सिम्हा :
श्री लल्लू सिंहः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष भारतीय सशस्त्र बलों के देश और विदेश दोनों में चलाए गए बचाव कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तराखंड में एक सुरंग में फंसे 41 कामगारों को बचाने के लिए सेना भेजी थी;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बचाव अभियान में शामिल सेना के कार्मिकों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या यह सच है कि सेना के कार्मिक उस स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन बचाव कार्य में भाग नहीं ले सके; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) इस वर्ष भारतीय सशस्त्र सेनाओं के विभिन्न विंगों द्वारा देश और विदेश दोनों में चलाए गए बचाव कार्यों का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:-

सेना	देश	विदेश	टिप्पणियां
भारतीय सेना	18	02	मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता
भारतीय नौसेना	46	139	
भारतीय वायुसेना	09	04	

(ख) से (ड.) जी हाँ । एक अफसर, चार जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और 44 अन्य रैंकों के एक अभियंता सैन्य-दल को तैनात किया गया था । भारतीय सेना ने सिविल प्रशासन, उत्तराखंड से प्राप्त अनुरोध पर कार्रवाई की ।

***